>

Title : Need to provide adequate quantity of LPG cylinders and permit new LPG distribution agencies in Faizabad Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. निर्मल खत्री (फ़ैज़ाबाद): मैं पैट्रोलियम मंत्रालय का ध्यान घरेलू कुकिंग गैस (एलपीजी) की कमी की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं। मेरे लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद फैजाबाद व जनपद बाराबंकी, दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत घरेलू गैस के वितरण व उपलबधता की कमी से आम आदमी परेशान है। सुबह से लम्बी-लम्बी लाइनों में लगना व फिर भी गैस न मिलना पिछले एक वर्ष से यही चल रहा है। सरकार इस कमी को दूर करने के लिए संबंधित कंपनियों को आदेश करे कि वे गैस सिलेंडर की पर्याप्त आपूर्ति करे साथ ही बढ़े गैस उपभोक्ताओं की संख्या के आधार पर गैस सिलेंडर का कोटा भी बढ़ाया जाये।

इस सिलसिले में मेरा यह भी अनुरोध है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर नये वितरक (एजेंसी) खोले जाने की जरूरत है, जो कि इस प्रकार है। जनपद बाराबंकी में रामसनेही घाट तहसील मुख्यालय (भिटरिया) टाउन एरिया दरियाबाद क्षेत्र, टिकैतनगर टाउन एरिया क्षेत्र और जनपद फैजाबाद में नगरपालिका रूदौली, क्षेत्र टाउन एरिया भदरसा क्षेत्र, टाउन एरिया बीकापुर क्षेत्र, सोहावल तहसील मुख्यालय सुचितागंज बाजार, मिल्कीपुर तहसील मुख्यालय इनायत नगर, कुमारगंज बाजार (ब्लाक अमानीगंज) पूराबाजार (ब्लाक-पूरा), नगरपालिका अयोध्या क्षेत्र, शहर फैजाबाद क्षेत्र। शीघ्रातिशीघ्र आवश्यक कार्यवाही उपरोक्त संदर्भ में की जाये।